Sh. Rakshendra for uploading on CSU web.

Director Bhopal CSU <director-bhopal@sanskrit.ac.in>

**विषय: "संस्कृत विमर्श" षाण्मासिक शोध पत्रिका की सदस्यता प्रक्रिया एवं सहभागिता बढ़ाने के संबंध में।**

message


res-pub CSU <res-pub@sanskrit.ac.in>
To: g.pandit@sanskrit.ac.in
Cc: director-bhopal@sanskrit.ac.in


Wed, Jan 21, 2026 at 4:45 PM

22/01/2026

समस्त निदेशक एवं प्राचार्य महोदय

समस्त परिसर, आदर्श महाविद्यालय एवं शोध संस्थान

सादर निवेदन है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठित षाण्मासिक शोध पत्रिका "संस्कृत विमर्श" विश्वविद्यालय की एक महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक सदस्यों में शोध-प्रवृत्ति को जीवन्त बनाए रखने एवं उसके सतत विकास हेतु यह एक प्रभावी एवं सर्वोत्तम साधन है। पाठक-वर्ग को सुदृढ़ एवं विस्तारित करने के उद्देश्य से सक्षमाधिकारी महोदय द्वारा स्वयं सदस्यता लेकर इसे गतिशील एवं प्रोत्साहित किया गया है।

वर्तमान में यह देखा गया है कि नव-नियुक्त प्राध्यापक (अतिथि / संविदा) इस सदस्यता-प्रक्रिया से पूर्णतः अवगत नहीं हैं तथा अनेक आदर्श महाविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के प्राध्यापक भी इससे पर्याप्त रूप से परिचित नहीं हो पाए हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि जिन शिक्षकों (पूर्णकालिक, अंशकालिक एवं अतिथि प्राध्यापक) ने अभी तक "संस्कृत विमर्श" की सदस्यता ग्रहण नहीं की है, उन्हें यथाशीघ्र सदस्यता प्राप्त करने हेतु अभिप्रेरित करने की कृपा करें। साथ ही सभी शिक्षकों एवं शोधार्थियों को शोध-लेख लेखन हेतु सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने का अनुरोध है, जिससे गुणवत्ता, शोध-संस्कृति एवं सहभागिता और अधिक सुदृढ़ हो सके।

आपके सहयोग एवं विशेष ध्यान से यह कार्य प्रभावी रूप से सम्पन्न होगा—ऐसा हमारा दृढ़ विश्वास है। सदस्यता हेतु संबंधित लिंक नीचे संलग्न है। कृपया सभी से अनुरोध किया जाए कि वे अपना पूर्ण विवरण सावधानीपूर्वक एवं पूर्ण रूप से भरें, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

https://vimarsah.sanskrit.ac.in/

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfLKKntiT7uxlkUK_xIKl5AIJkqFYJMpI0PnET5JLA5lmicxQ/viewform

सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद।

भवदीय,
सम्पादक
संस्कृत विमर्श